Regarding extension of AIIMS, Delhi by using vacant NTPC land lying in Badarpur, Delhi

श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी **(**दक्षिण दिल्ली**) :** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान दिल्ली ही नहीं बल्कि देश का सबसे बड़ा और प्रतिष्ठित अस्पताल है, लेकिन इस अस्पताल को अब जमीन की कमी के कारण अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । यहां तक कि अस्पताल में कई विभागों के लिए अब स्थान उपलब्ध नहीं है । लोगों को एम्स में इलाज के लिए सालों इंतजार करना पड़ता है । अस्पताल मरीजों की इस भीड़ को झेलने में भी असमर्थ हो चुका है । एक तरफ तो एम्स में जमीन का अभाव है और दूसरी तरफ बदरपुर में एनटीपीसी के बंद हो चुके पावर हाउस की 393 एकड़ से ज्यादा जमीन सरकार के पास उपलब्ध है । मेरा सुझाव है कि इस जमीन पर एम्स का विस्तार किया जाए और यहां अस्पताल खोला जाए । इस जमीन पर एम्स का विस्तार करने से यहां के लाखों लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो जाएंगी और एम्स की जमीन की समस्या का भी निवारण हो जाएगा ।